प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा द्वारा सभी कर्मचारियों के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच आयोजित की गई

नई दिल्ली, 9 मार्च ,2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली के अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में एक निवारक स्वास्थ्य जांच कैंप के आयोजन करने के माध्यम से कर्मचारी कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास द्वारा उद्घाटन किया गया, यह कैंप एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का शीघ्र पता लगाना और अपने कार्यबल के बीच फिटनेस को प्राथमिकता देने की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

इस कैंप में इरेडा के सीएमडी और निदेशक (वित्त) सहित सभी स्तरों के कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जोकि कर्मचारी कल्याण के लिए इरेडा के समावेशी दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। संपूर्ण संगठन में समग्र कवरेज सुनिश्चित करते हुए, स्वास्थ्य कैंप का लाभ उठाने के लिए अनुबंध, सुरक्षा और हाउसकीपिंग कर्मियों को भी प्रोत्साहित किया गया।

इरेडा के सीएमडी,श्री प्रदीप कुमार दास ने अपने कर्मचारियों के प्रति इरेडा की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया और उन्हें कंपनी की सबसे अमूल्य संपत्ति के रूप में मान्यता दी। उन्होंने शारीरिक और मानसिक कल्याण बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया, तथा इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ कार्यबल इष्टतम प्रदर्शन और संगठनात्मक सफलता प्राप्त करने के लिए आधारभूत है। यह पहल एक ऐसे कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति इरेडा के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है जोकि पेशेवर उत्कृष्टता और व्यक्तिगत कल्याण दोनों ही को प्रोत्साहित करती है।